# आकाशवाणी
## क्षेत्रीय समाचार
## देहरादून (उत्तराखण्ड)
## मंगलवार 01.04.2025
## समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डिजिटल भुगतान प्रणाली में भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के प्रयासों की सराहना की।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज, नरेंद्र नगर को हिमालयी राज्यों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – प्रदेश सरकार, खिलाड़ियों को अधिकतम खेल सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत।
- सहकारिता विभाग को मिले 6 सहायक निबंधक, पर्वतीय जिलों में दी गई पहली तैनाती।

### राश्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के भुगतान ढांचे को लगातार आधुनिक बनाकर और फिनटेक की तंत्र को बढ़ावा देकर भारत को डिजिटल भुगतान में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुंबई में आज आर.बी.आई. के 90वीं वर्षगांठ समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले नौ दशकों में केंद्रीय बैंक की उल्लेखनीय यात्रा सरकार की दृष्टि और नीतियों के अनुरूप रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे–जैसे भारत अपनी आजादी की शताब्दी के करीब पहुंच रहा है, विकसित भारत– 2047 मिशन के लिए एक ऐसे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत है, जो अभिनव, अनुकूल और सभी के लिए सुलभ हो।

### राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ को पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज, नरेंद्र नगर को उच्चीकृत करने और इसे हिमालयी राज्यों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें आपदा प्रबंधन, साइबर क्राइम और भीड़ प्रबंधन जैसी पुलिस संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएं। उन्होंने इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए। राज्यपाल से आज राजभवन में पुलिस महानिदेशक ने मुलाकात की। इस दौरान पुलिस प्रशिक्षण, नशामुक्ति अभियान, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और चारधाम यात्रा की तैयारियों सहित अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने पुलिस विभाग द्वारा राज्य में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जन–जागरूकता अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किए जाने पर बल दिया। राज्यपाल ने प्रदेश की सभी पुलिस कैंटीनों में सहकारी समितियों के सहयोग से स्थानीय उत्पादों, विशेषकर वाइब्रेंट विलेज के उत्पादों को प्राथमिकता दिए जाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाया जा सकेगा। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की तलाश के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन स्माइल' की सराहना की।

### खिलाड़ी नौकरी

प्रदे"ा में पिछले दिनों सम्पन्न हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में बेहतरीन प्रद"ान करने वाले राज्य के खिलाड़ियों को नौकरी देने की तैयारी में खेल विभाग जुट गया है। विशेष खेल सचिव, अमित सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों में प्रदे"ा को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों की संख्या 234 हैं, जो नौकरी और धनराशि की अर्हता रखते हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन खिलाड़ियों को नौकरी दी जाएगी।

गौरतलब है कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 103 पदक हासिल कर पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया था।

## चारधाम तैयारी

प्रदे"ा में इस महीने की 30 तारीख से शुरू हो रही चारधाम यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। यात्रा के सफल संचालन के लिए बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जिला सभागार में यात्रा से जुड़े सभी हितधारकों के साथ बैठक की। इस दौरान हितधारकों द्वारा दिए गए सुझावों पर समीक्षा की गयी। बदरीनाथ में बिजली, पानी और सीवर की समस्या को लेकर जिलाधिकारी ने बताया कि पेयजल को लेकर जल संस्थान ने 2 करोड़ के वर्क ऑर्डर जारी कर दिए हैं। साथ ही सीवर का काम भी शुरू हो गया है और विद्युत आपूर्ति भी सूचारू कर दी गयी है। बैठक में जिलाधिकारी ने तीर्थ पुरोहित आवास के 5 ब्लॉक, मई तक पूरा करने और अन्य ब्लॉकों के कार्यो को शुरू कराने के साथ ही धाम में अलकनन्दा नदी की गाद हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को बदरीनाथ का यातयात प्लान बनाने के साथ ही अवैध तरीके से मन्दिर दर्शन कराने वालों पर सख्ती बरतने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी निर्माणदायी संस्थाओं को हर तीसरे दिन कार्य की प्रगति के फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने और अपने मजदूरों का पुलिस सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए।

## क्रिकेट प्रतियोगिता भुभारंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार, खिलाड़ियों को अधिकतम खेल सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इससे आने वाले दिनों में राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों की तरह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक लाकर राज्य का नाम रोशन करेंगे। मुख्यमंत्री, आज देहरादून में उत्तरांचल प्रेस क्लब की ओर से आयोजित इंटर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तरांचल प्रेस क्लब में खेल सामग्री के लिए रुपए पांच लाख की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से पत्रकार साथियों को खेल मैदान में जहां अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, वहीं खेलों से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट की सराहना करते हुए आमजन को अपनी दिनचर्या में खेल गतिविधि को शामिल करने पर जोर दिया।

## सहकारिता निबंधक

सहकारिता विभाग को छह सहायक निबंधक मिल गये हैं। राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित इन अधिकारियों को प्रदेश के पर्वतीय जिलों में प्रथम तैनाती दी गई है। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नव नियुक्त सहायक निबन्धकों को बधाई देते हुए कहा कि नये अधिकारियों के आने से विभागीय कार्यों में तेजी आने के साथ ही प्रशासनिक कार्यों में भी सुधार होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सहकारिता को नये आयाम देने के लिये राज्य सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। इसके साथ ही सरकार प्रशासनिक ढांचे को मजबूत कर योजनाओं को धरातल पर उतराने में जुटी है, ताकि सहकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के अधिक से अधिक काश्तकारों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को मिल सके। उन्होंने कहा कि सहकार से समृद्धि के मूल मंत्र को पर्वतीय क्षेत्रों में प्रभावी बनाने में नव नियुक्त अधिकारियों की अहम भूमिका रहेगी।

## कार्य"ाला टिहरी

उत्तराखंड के मौखिक लोक गाथा गीतों में विद्यमान श्री कृष्ण का लोक इतिहास विषय पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, टिहरी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रख्यात जागर गायिका पद्मश्री डॉ. बसंती बिष्ट ने विषय को लेकर डीएलएड प्रशिक्षणार्थियों और संगीत के छात्र–छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने लोक संस्कृति को बचाने के लिए महिला मंगल दल और युवक मंगल दल सहित ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों को मानदेय पर प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त करने का सुझाव भी दिया।

लोक संस्कृति एवं साहित्य से जुड़े महिपाल सिंह नेगी ने कहा कि इस कार्यक्रम से यहां के युवाओं को अपनी संस्कृति और लोक गाथाओं के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की लोक गाथाओं में शौर्य गीत, प्रणय गीत आदि भी आते हैं।

## राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' की भावना के तहत ओडिशा राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आज राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने ओडिशा राज्य के नागरिकों को पूरे प्रदेश की ओर से राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" एक ऐसी पहल है जो हमें देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के साथ ही एक–दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना को मजबूत करने की सीख देती है। राज्यपाल ने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी शक्ति है।

## वंदना कटारिया

भारतीय महिला हॉकी की दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने 15 साल से अधिक लंबे शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से सन्यास लेने की आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी है। 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों और 158 गोल के साथ, वंदना भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी हैं। गौरतलब है कि वंदना कटारिया उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रो"ानाबाद की रहने वाली है।